सं०सं०–2 / पेन–63 / 2024–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

**प्रेषक,**

**शैलेश कुमार**
**सरकार के अपर सचिव।**

**सेवा में,**

**प्रभारी पदाधिकारी,**
**वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग,**
**बिहार, पटना ।**

**पटना, दिनांक / /2025**

**विषय : डा० सीताराम, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनमंखी, पूर्णियाँ के अवकाश खाते में संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपरोक्त विषयक वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–8889(2)वि० दिनांक–24.12.1986 पत्रांक–1829(2)वि० दिनांक 07.04.2005 एवं वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग के ज्ञाप संख्या–216(25), दिनांक–01.02.2024 के आलोक में डा० सीताराम, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनमंखी, पूर्णियॉ को उनके अवकाश खाते में संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

(2) डा० सीताराम का सेवानिवृत्ति की तिथि–31 12.2023 है।

(3) असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्णियॉ के पत्रांक–62 दिनांक–04.01.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि डा० सीताराम दिनाक–01.01.2020 से 31.12.2023 तक उपार्जित अवकाश का उपभोग नहीं किए हैं (छायाप्रति संलग्न)।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सम्बन्ध में अपने स्तर से पूर्णतः संतुष्ट हो जाने के उपरान्त डा० सीताराम, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनमंखी, पूर्णियॉ के पक्ष में 300 (तीन सौ) दिन के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान हेतु प्राधिकार पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनमंखी, पूर्णियॉ के नाम से निर्गत करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

**विश्वासभाजन**

**ह0/–**
**(शैलेश कुमार)**

**ज्ञापांक–2 / पेन–63 / 2024–** 239(2) **पटना, दिनांक** 19/02/**2025**

**प्रतिलिपिः** महालेखाकार (लें० एवं ह०) बिहार, पटना/ असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्णियाँ/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनमंखी, पूर्णियॉ/जिला कोषागार पदाधिकारी, पूर्णियॉ/डा० सीताराम, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनमंखी, पूर्णियाँ पत्राचार का पता–ग्राम/मोहल्ला–कॉलेज चौक, पो०+थाना+जिला–मधेपुरा, पिनकोड–842113 /प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सरकार के अपर सचिव।**

D>Sec-2>2025>PEN 2025